दिनांकः 05.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राजस्थान सहित 10 राज्यों में 37 राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने का आज आखिरी दिन–कल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।
- भू–राजनीति और भू–अर्थशास्त्रीय सम्मेलन–रायसीना संवाद आज से नई दिल्ली में।
- प्रदेश के खान और भूविज्ञान विभाग ने फरवरी महीने में 1 हजार 60 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व संग्रहित कर रिकॉर्ड बनाया।
- मार्च के पहले सप्ताह में ही गर्मी के तेवर तीखे–प्रदेश के 21 शहरों में पारा 35 डिग्री के पार।
- आईसीसी टी–20 वर्ल्ड कप का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आज भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा।

..........................

देश में दस राज्यों में 37 राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज समाप्त हो जाएगी। नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी। उम्मीदवार नौ मार्च तक नाम वापस ले सकते हैं। राजस्थान सहित महाराष्ट्र, पश्चिम–बंगाल, बिहार, उड़ीसा, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, हरियाणा, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा सीटों पर चुनाव होने हैं। नौ राज्यों में मतदान 16 मार्च को होगा और परिणाम उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे। वहीं राजस्थान में मई में राज्यसभा सीटों पर चुनाव होगा। गौरतलब है कि राजस्थान में राज्यसभा की 10 सीटें हैं इनमें से जून 2026 में तीन राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इनमें भाजपा के राजेन्द्र गहलोत और रवनीत सिंह बिट्टू हैं वहीं कांग्रेस की ओर से नीरज डांगी हैं।

..........................

विधानसभा में आज राजस्थान जन विश्वास उपबंधों का संशोधन विधेयक 2026 और राजस्थान दुकान और वाणिज्यिक अधिष्ठान संशोधन विधेयक 2026 विचार के लिए सदन के पटल पर रखे जाएंगे। वहीं राजस्थान पंचायतीराज संशोधन विधेयक 2026, राजस्थान नगर पालिका संशोधन विधेयक 2026 पुरःस्थापित किये जाएंगे। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। तीन ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाएंगे। विभिन्न अधिसूचनाएं और वार्षिक प्रतिवेदन पेश किये जाएंगे तथा कई याचिकाओं का उपस्थापन किया जाएगा।

..........................

भारत का प्रमुख भू–राजनीति और भू–अर्थशास्त्रीय सम्मेलन, रायसीना संवाद का 11वां संस्करण आज से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। तीन दिन के इस सम्मेलन में वैश्विक नेता, नीति–निर्माता और विशेषज्ञ, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों और रणनीतिक सहयोग पर विचार–विमर्श करेंगे। वर्ष 2026 का विषय–'संस्कार–अभिकथन, सामंजस्य, उन्नति' है, जो वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को दर्शाता है। इसका आयोजन विदेश मंत्रालय के सहयोग से ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। पिछले दस वर्षों से, इस संवाद में बदलते भू–राजनीतिक समीकरणों, जलवायु संबंधी चिंताओं, तकनीकी परिवर्तन, आर्थिक लचीलापन और वैश्विक शासन व्यवस्था के भविष्य जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा होती रही है।

..........................

प्रदेश में खान और भूविज्ञान विभाग ने फरवरी महीने में रिकॉर्ड 1 हजार 60 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहित किया है। विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने बताया कि विपरीत परिस्थियों के बावजूद विभाग ने वित्त वर्ष 2025–26 में फरवरी महीने तक 12 फीसदी विकास दर के साथ 8 हजार 888 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व संग्रहित किया है। ये पिछले वर्ष के फरवरी महीने तक के राजस्व संग्रहण से लगभग 952 करोड़ रुपये अधिक है। श्री रविकांत ने विभागीय अधिकारियों को मार्च महीने में

डेढ़ हजार करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व संग्रहित करने के लक्ष्य के साथ काम करने को कहा है। साथ ही उन्होंने बजट घोषणाओं के समयवद्ध क्रियान्वयन के लिए अभी से कार्ययोजना तैयार करने और अप्रेल से खनिज ब्लॉकों और प्लॉटों के ऑक्शन की आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

..........................

पाली के सोजत की विश्व विख्यात मेंहदी का रंग अब और अधिक गहरा हो सकेगा। जोधपुर स्थित काजरी अनुसंधान केन्द्र ने मेंहदी के पौधों की दो किस्में विकसित की हैं। जिनमें रंग गहरा होने और पत्तियों का उत्पादन सामान्य पौधों की तुलना में काफी अधिक है। और ब्यौरा हमारे पाली संवाददाता से –

..........................

विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक टेलीफोन के जरिए इस नियंत्रण कक्ष से सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा संघर्ष के क्षेत्र में भारतीय दूतावासों ने सुरक्षा उपायों और वहां से लोगों के निकलने के संभावित उपायों में मदद के लिए चौबीसों घंटे आपात हेल्पलाइन भी शुरू की है।

इस बीच, एयर इंडिया ने प्रभावित यात्रियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा की तारीख बदलने या टिकट रद्द करने पर पूरा रिफंड लेने की सुविधा देने की घोषणा की है।

यह सुविधा इस वर्ष 28 फरवरी या उससे पहले की गई सभी कन्फर्म बुकिंग्स पर लागू होगी। पश्चिम एशिया, यूनाइटेड किंगडम और यूरोप आने–जाने वाली उड़ानों के लिए यह सुविधा, 10 मार्च तक की यात्रा के लिए मान्य रहेगी।

..........................

प्रदेश में मार्च के पहले सप्ताह में ही गर्मी ने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। सूरज की तपिश बढ़ने से दिन के साथ अब रात में भी गर्मी महसूस की जा रही है। पिछले 24 घंटों में 21 शहरों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया। वहीं पांच शहरों में रात का तापमान भी 20 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक 38 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बाड़मेर सबसे गर्म दिन रहा। इसके साथ ही वहां रात का पारा 23 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां दिन में कड़ी धूप से मई जून की गर्मी का अहसास होने लगा है।

..........................

मौसम केंद्र, जयपुर ने अगले 2 से 3 दिन प्रदेश में मौसम शुष्क रहने और तापमान में और बढ़ोतरी की आशंका जताई है।

..........................

प्रदेश में धुलण्डी से शुरू हुई गणगौर पूजा के तहत महिलाएं और युवतियां ईसर–गौर की पूजा अर्चना कर रही हैं। सोलह दिन तक ये पूजा की जाती है। नवविवाहित युवतियों और महिलाओं में गणगौर पूजा को लेकर उत्साह बना हुआ है।

..........................

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आज भारत और इंग्लैंड के बीच होगा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7 बजे से ये मैच खेला जाएगा। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में कल रात न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हरा दिया। फिन ऐलन के नाबाद शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने 170 रन के लक्ष्य को महज 13 ओवर में 1 गेंद शेष रहते, एक विकेट के नुकसान पर हासिल किया।

..........................